HD - 06

December - Examination 2015

B.A. IIIrd Year Examination

हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक हिंदी

Paper - HD - 06

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

नोट : यह प्रश्नपत्र तीन खंडों 'अ' 'ब' तथा 'स' खण्डों में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलुघूत्तरात्मक, खंड 'ब' लघूत्तरात्मक एवं खंड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

(खण्ड – अ) 10 x 2 = 20

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i) राजस्थानी की किन्हीं चार बोलियों के नाम लिखिए।

(ii) देवनागरी लिपि की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(iii) शौरसेनी अपभ्रंश की उपभाषाओं के नाम लिखिए।

(iv) प्रयोजनमूलक हिंदी के किन्हीं 2 रूपों के नाम लिखिए।

(v) संचार के किन्हीं दो लोक माध्यमों के नाम लिखिए।

(vi) बलाघात से क्या तात्पर्य है?

(vii) छायानुवाद किसे कहते हैं?

(viii) संघ की राजभाषा हिंदी व लिपि देवनागरी होगी। यह प्रावधान संविधान में कहाँ वर्णित है?

(ix) स्वर ध्वनियाँ किसे कहते हैं?

(x) जनसंचार के किन्हीं दो माध्यमों के नाम लिखिए।

(खण्ड – ब)

4 x 10 = 40

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) भाषा का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके लक्षणों का वर्णन कीजिए।

3) देवनागरी लिपि की सीमाओं पर प्रकाश डालिए।

4) हिंदी भाषा का विकास क्रम वर्णित कीजिए।

5) प्रयोजनमूलक हिंदी की विशेषताएँ लिखिए।

6) संचार माध्यमों में हिंदी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

7) अनुवाद की आवश्यकता का वर्णन कीजिए।

8) प्रशासनिक शब्दावली का अर्थ व निर्माण के सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।

9) आवेदन पत्र का आशय स्पष्ट करते हुए शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन कीजिए।

(खण्ड – स)

2 x 20 = 40

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) हिंदी भाषा की प्रमुख बोलियों का वर्णन कीजिए।

11) प्रयोजनमूलक हिंदी की शैलियों का वर्णन कीजिए।

12) राजभाषा संबंधी संवैधानिक उपबंधों का वर्णन कीजिए।

13) वाणिज्य एवं बैंकिग, तथा रक्षा व सेना के क्षेत्र में हिंदी का प्रयोग स्पष्ट कीजिए।